>

Title: Need to set up training institutes for carpet weaving in Bhadohi, Uttar Pradesh and look into the problems being faced by carpet exporters.

श्री गोरखनाथ पाण्डेय (भदोही): मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि देश में कालीन का व्यवसाय वैश्विक आर्थिक मंदी के कारण प्रभावित हुआ है। किंतु, इधर विश्व में कालीन की मांग बढ़ी है। मेरा संसदीय क्षेत्र भदोही कालीन व्यवसाय में अग्रणी रहा है। किंतु, मैं इसकी कुछ समस्याओं की ओर आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहूंगा कि इस उद्योग में कुटीर उद्योग के रूप में गांव में बुनकर अपने परिवार के साथ कालीन बनाते थे। बाल श्रमिकों की समस्या के कारण उन्होंने अपने बच्चों को बुनाई सिखाना बंद कर दिया, जिससे करोड़ों रूपये के कालीन का निर्यात नहीं किया जा रहा है।

अतः इस उद्योग में अच्छे व प्रशिक्षित कारीगर लाने के लिए सरकार प्रशिक्षण केन्द खोलकर युवाओं व महिलाओं को प्रशिक्षित कराने का कष्ट करें। इसके अलावा कालीन निर्यात से 500 करोड़ से अधिक रूपये विदेशों में फंस गया है और निर्यातकों को भुगतान में विलम्ब हो रहा है। अतः उधार माल की बिक्री पर रोक लगाकर वर्ष 2002 की नीति के अनुसार उधार निर्यात पर रोक लगाया जाये और निर्यात केवल बैंक गारंटी के बाद ही दिया जाये। हम सरकार से मांग करते हैं।